तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4
महिलाएं किसी से कम नहीं, निर्वाचन में भागीदारी गर्व की बात: प्रेक्षक



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की जिला बदर की कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत दीपक उर्फ चिन्ना पाण्डेय उम्र 34 वर्ष, पिता स्व. राकेश पाण्डेय, निवासी ब्राम्हण मोहल्ला पुरानी बस्ती कोरबा निवासी को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा राजस्व जिला तथा समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर हुई बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर कोल इंडिया मुख्यालय एवं सभी अनुषंगी कंपनियों के सिस्टम एवं ईएंडटी महाप्रबंधकों की समनवय बैठक एसईसीएल मुख्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन दिशानिर्देशों पर चर्चा की गई। निदेशक तक (संचा.) ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनिवार्य किए गए विभिन्न साइबर सुरक्षा उपायों को अपनाकर कंपनी के डेटा की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

### खदान में भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा हुई

**कोरबा।** जिले की कोयला खदानों भूजल संरक्षण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण दिल्ली व रायपुर के सदस्य टीम में शमिल थे। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण नई दिल्ली व क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर के सदस्यों में सचिव टीबी एन सिंह की मौजूदगी रही। जिनकी अध्यक्षता में सोमवार और मंगलवार को एसईसीएल की गेवरा, दीपका व बगदेवा खदानों का निरीक्षण किया।खदान प्रबंधन द्वारा भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा की। इस अवसर पर भूजल प्राधिकारण के सदस्यों द्वारा भूजल के प्रभावी उपयोग व भूजल पुनर्भरण के महत्त्व पर जोर दिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा इस ओर सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता ली गयी। दौरे को सफल बनाने में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से महाप्रबंधक (पर्यावरण) बीके जेना, एसईसीएल गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती, गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एके सक्सेना व कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या की अहम भूमिका रही।

### दो सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, हजारों का माल पार

**कोरबा।** चोरों ने दो सूने मकान को निशाना बनाकर हजारों का माल पार कर दिया है। चोरों ने एसईसीएल कर्मी के घर धावा बोलकर 85 हजार रुपए के सामनों की चोरी कर ली। सेंट्रल वर्कशॉप में कार्यरत फोरमैन रामायण तिवारी का सुभाष ब्लॉक कॉलोनी में मकान है। 18 अप्रैल को तिवारी अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में दुर्ग गए थे। इस बीच चोरों ने मकान में धावा बोलकर ताला तोड़ दिया। अल्मारी से 15 हजार रुपए नकद और सोने की मंगलसूत्र व पायल की चोरी कर ली। इसी तरह चोरों ने दीपका के शक्तिनगर स्थित एक अधिकारी के घर धावा बोलकर टीवी, सेटअप बॉक्स सहित अन्य सामान की चोरी कर ली।

# नहर की दरकार है बेला जलाशय को, खेतों को नहीं मिल पाता पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत बेला के जलाशय का निर्माण बहुत पहले किया गया था, लेकिन नहरों का निर्माण न होने से गांव से दूर खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता। अब बेला जलाशय को पर्यटन केन्द्र बनाने और उसके विस्तार को लेकर विचार चल रहा है, किंतु वन विभाग की एनओसी एक कानूनी अड़चन बनी हुई है। पूर्व में कड़े वन कानून नहीं होने से विस्तार और निर्माण में तकनीकी दिक्कतें नहीं आती थी।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत बेला और बताती जलाशय ऐसे जलाशय हैं, जहां पहाड़ों और जंगलों का पानी बरसात का आता है। किंतु केचमेंट एरिया अधिक नहीं होने से पानी भर नहीं पाता, जिससे खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। बताती और बेला जलाशय के आसपास कई किसानों के खेत भी हैं, किंतु नहरों का निर्माण नहीं होने से पानी का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने पूर्व में नहर निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग से बात की थी, किंतु वर्तमान में वन विभाग के नये काड़े कानून होने से अब किसी भी जलाशय का विस्तार करना कठिन हो गया है। यही कारण है कि बताती के साथ बेला जलाशय का विस्तार न होने से न तो नहरों का निर्माण हो रहा है और ना ही इसके पानी का उपयोग कृषि कार्य में किसान कर पा रहे हैं। जबकि दोनों ही जलाशय घने वन क्षेत्र में स्थित है, किंतु केचमेंट एरिया अधिक नहीं होने के कारण बरसात का पूरा पानी जलाशय में नहीं भर पाता। अब क्षेत्रवासियों ने बेला जलाशय को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की मांग की है। बेला जलाशय का पानी विस्तार करने पर बेला के अलावा टापरा, सुअरधार, दोंदरो आदि ग्रामों को पानी मिल सकता था। किंतु वन विभाग का एनओसी मिलना अब कठिन हो गया है, जिसे देखते हुए इसके विस्तार को लेकर प्रस्ताव भी तैयार नहीं हो पा रहा है। हालांकि सिंचाई विभाग बेला और बताती जलाशय सहित अन्य सभी जलाशयों का जीर्णोद्धार करने जा रहा है।

## वन क्षेत्र होने के कारण एनओसी की अड़चन

**खास बात**

- बेला जलाशय को पर्यटन का केन्द्र बनाने एवं विस्तार को लेकर चल रही तैयारी



### होगा जीर्णोद्धार

कोरबा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले छोटे जलाशयों के पानी का उपयोग किसान कर सकें। इसे लेकर जीर्णोद्धार का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बेला और बताती का केचमेंट एरिया कम है, जिससे पानी नहीं मिल पाता।

-एसएल द्विवेदी, कार्यपालन अभियंता, सिंचाई विभाग

## कुदुरमाल के सरपंच सचिव को जारी किया गया नोटिस

# रेत चोरों ने कुदुरमाल में अलग से बना लिया था रेतघाट, खनिज विभाग का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेत तस्कर लगातार प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर शहर के अलग-अलग क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में रेत की चोरी कर रहे हैं। रेत तस्कर इतने शातिर हो गए थे कि कुदुरमल के स्वीकृत घाट से अलग कुछ दूरी पर ही अलग से अपना रेतघाट बना रखे थे। जहां से रेत की निकासी कर लगातार रेत बेचकर मालामाल हो रहे थे लेकिन खनिज विभाग को जब इसकी सूचना मिली रेत चोरों के मंसूबे फेल हो गए और मौके से पांच ट्रैक्टर को जप्त किया गया है जबकि ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ भी इस मामले में अपराध दर्ज किया जा रहा है।

**खास बात**

- अवैध परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर को किया गया जप्त

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आसानी से रेत मुहैय्या हो सके इसके लिए रेतघाट स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदुरमहल में भी रेतघाट स्वीकृत किया गया है। जिसका संचालन ग्राम पंचायत के अधीन किया जा रहा है लेकिन रेत तस्कर इतने सक्रिय हैं कि जिस स्थान पर कुदुरमाल में रेतघाट स्वीकृत कर संचालित किया जा रहा था वहां से कुछ ही दूरी पर ही रेत चोरों ने अपने लिए अलग से रेत घाट बना रखा था और वहां से रेत निकालकर लगातार शहर व गांव में रेत खपा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम ने आज छापामार की कार्यवाही की। जहां अवैध रेतघाट का पर्दाफाश हो गया और मौके से कुल चार ट्रैक्टर व शहरी क्षेत्र से एक ट्रैक्टर को रेत का अवैध उत्खनन परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। कुल 5 ट्रैक्टर के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। इस कार्यवाही से रेत चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में ग्राम पंचायत कुदुरमल के सरपंच, सचिव को भी नोटिस जारी किया गया है और उनसे पूरी जानकारी हासिल की जा रही है। यदि इस मामले में किसी भी की भी संलिप्तता पाई गई तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में 5 ट्रैक्टर को जप्त कर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



कुदुरमाल घाट के पास जब्त ट्रैक्टर।

### पांच ट्रैक्टर किया गया जब्त

बरबसपुर में अवैध रेत घाट संचालन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी थी। जहां से कुल 5 ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया है। साथ ही ग्राम कुदुरमाल के सरपंच सचिव को भी नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा ग्राम बरबसपुर में रेत का भंडारण करने वाले रामलाल कंवर को भी नोटिस जारी कर भंडारण व परिवहन किए गए रेत की सारी जानकारियां मांगी गई है। यदि इस मामले में किसी की भी कोई संलिप्तता पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-प्रमोद कुमार, उपसंचालक, खनिज विभाग कोरबा

### बरबसपुर के भंडारण में भी खनिज विभाग का छापा

खनिज संचालक प्रमोद कुमार को शिकायत मिली थी कि ग्राम बरबसपुर में रामलाल कंवर द्वारा रेत के भंडारण के लिए अनुमति ली गई है जहां भंडारण भी किया गया है लेकिन वहां लगातार रेत की अफरा तफरी किए जाने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत पर खनिज संचालक प्रमोद कुमार ने उपसंचालक उत्तम खूंटे एवं उनकी टीम ने मौके पर दबिश दी थी। जहां रेत का भंडारण करने वाले रामलाल कंवर को नोटिस जारी किया गया है और भंडारण स्थल पर कितने रेत का भंडारण किया गया है और कितना परिवहन किया गया है यह सारी जानकारियां उससे मांगी गई है। यदि इस मामले में अफरा तफरी गई है तो रेत का भंडारण करने वाले के खिलाफ भी इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। सूत्र बताते हैं कि रामलाल कंवर द्वारा भले ही रेत भंडारण के लिए बरबसपुर में अनुमति ली गई है लेकिन शहर के एक नामचीन भाजपा नेता द्वारा इस भंडारण का संचालन किया जाता है और लंबे समय से इस भंडारण स्थान में अफरा तफरी की शिकायत आम बात हो गई थी। लगातार इस स्थान से लाखों रुपए के रेत का वारा न्यारा किया गया है। हालांकि इसका खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

# शराब दुकान में कट्टे की नोक पर लाखों की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली स्थित शराब दुकान में देर रात को कट्टे की नोक पर लाखों रुपए लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। लूट की सूचना मिलते ही जिला पुलिस ने जिले भर में नाके बंदी कर लुटेरों की सर गर्मी से खोजबीन की जा रही है। लुटेरे बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की पतासाजी में जुट गई है।

**खास बात**

- बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे लुटेरे

मामला जिले के पाली थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि रात लगभग 9:45 बजे शराब दुकान बंद करने के दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे। वे शराब खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचे थे। मौका पाते ही दोनों युवक शराब दुकान में घुस गए और शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों की कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया। इसके बाद लुटेरे शराब दुकान में रखे लाखों रुपए नकद लेकर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। लूट की घटना होते ही मौके पर मौजूद शराब कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। आला अधिकारी सूचना पाते ही दलबल सहित मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि शराब दुकान में लगे सीसीटीवी का फुटेज निकाल कर पुलिस फिलहाल मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पुलिस के अधिकारी मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं।

### कई ट्रेनें हुई रद्द, कैंसल ट्रेनों की लिस्ट हुई जारी

**कोरबा।** रेलवे की ओर से यात्री सुविधाओं के लिए किया जा रहा विस्तार यात्रियों के लिए ही मुसीबत बनता जा रहा है। बीते दिनों रेलवे द्वारा रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य के चलते 19 गाड़ियां रद्द की गई थी। इसके बाद अब एक बार फिर रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का फिसला किया है। रेलवे के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जंक्शन कोंडापल्ली सेक्शन और विजयवाड़ा रेल मण्डल के विजयवाड़ा-गोधरा जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा। जिसके चलते नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का भी परिचालन प्रभावित रहेगा। रद्द होने वाली गाड़ियों में 1, 4, 8, 11, 15, 18 और 22 मई को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 अप्रैल, 2, 6, 9, 13, 16 और 20 मई को कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# परसाखोला में डूबने से छात्र की मौत दोस्तों के साथ गया था नहाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हनुमान जयंती पर घर से दोस्तों के साथ मंदिर में दर्शन करने के नाम से निकले 3 छात्र नहाने के लिए परसाखोला पिकनिक स्पॉट जा पहुंचे थे। जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के परसाखोला में हुई घटना

जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र के साडा कालोनी में निवासरत सुशील महंत का पुत्र मोहनीश केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 12वीं का छात्र था। मंगलवार को हनुमान जयंती पर मंदिर दर्शन के लिए मोहनीश अपने दो दोस्त के साथ निकला था और जहां से तीनों छात्र बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाखोला पिकनिक स्पॉट जा पहुंचे जहं तीनों छात्र नाला में नहाने लगे और नहाने के दौरान मोहनीश गहरे पानी में डूब गया। साथ गए दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाने में कामयाबी नहीं मिली। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां गोताखोरों की मदद से खोजबीन की गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद शाम को मोहनीश का शव बरामद कर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# सबस्टेशन कर्मियों को मिला वेतन, फिर भी डटे हैं हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिकों को 2 महीने से ना ही वेतन मिला है और ना ही बोनस मिलने पर

**खास बात**

- लाइनमैन संभाल रहे हैं सब स्टेशन का चार्ज, घंटों बाधित रही विद्युत व्यवस्था

बुधवार से सब स्टेशन कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। ठेकेदार ने एक महीने का वेतन जरुर डाला है लेकिन कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हैं।



विद्युत विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन करते ठेका कर्मी।

उल्लेखनीय है कि जिले में 50 से अधिक सब स्टेशन हैं। जिन सब स्टेशन का संचालन विद्युत विभाग द्वारा जेबीएस नामक ठेका कंपनी को दिया गया है। जेबीएस ठेका कंपनी द्वारा ठेका कर्मियों को 2 महीने का ना ही वेतन दिया गया है और ना ही 6 महीने का बोनस दिया गया है जिसे लेकर ठेका कर्मियों ने बुधवार से हड़ताल कर दिया है और सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं।

अवकाश पर जाते ही बुधवार को ठेकेदार ने ठेका कर्मियों के एकाउंट में एक महीने का वेतन जरुर डाला है लेकिन ठेका कर्मी हड़ताल पर डटे हुए हैं वही दूसरी ओर सब स्टेशन का चार्ज लाइनमेन संभाल रहे हैं। बुधवार की शाम शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था बाधित रही जिसके चलते विद्युत विभाग के अफसरों को विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## कटघोरा में 49 तो कोरबा में 39 हाथी

# कोरबा-कटघोरा के जंगल में 89 हाथियों का डेरा, एनएच पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक समय ऐसा था कि कोरबा वनमंडल में महज 5 से 6 हाथी ही नजर आते थे। दो दशक बीत जाने के बाद अब लगभग 100 हाथी अपना ठिकाना बना चुके हैं। मौजूदा स्थिति में 89 हाथी कोरबा और कटघोरा के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। जिससे दिन और रात क्षेत्र में खतरा मंडरा रहा है और खतरे को टालने के लिए वन विभाग की टीम दिन और रात जुटी हुई है ताकि कोई बड़ी जनधन की हानि ना हो।



एनएच के पास विचरण करता हाथियों का झुण्ड।

उल्लेखनीय है कि कोरबा व कटघोरा वनमंडल हाथियों के लिए बेहतर रहवास साबित हो रहा है। खासतौर पर पिछले कई वर्षों से 49 हाथी कटघोरा वनमंडल में ही जमे हुए हैं। अब तो हाथियों के झुंड हाईवे को ही अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं। कटघोरा वनमंडल के केंदई नगर रेंज में 49 हाथी अलग-अलग झुंड में विभक्त होकर लगातार विचरण कर रहे हैं( जिसमें से दो लोनार हाथी हाईवे के आसपास डेरा डाल रहे हैं और उत्पात मचा रहे हैं। बीती रात को दोनों लोनार हाथी हाईवे में घंटों डेरा डाले हुए थे। जब कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत को इसकी सूचना मिली तो वे केंदई रेंज अफसर अभिषेक दुबे के साथ अपनी टीम के साथ पूरी रात हाईवे पर ही डेरा डाले रहे ताकि कोई जनधन की हानि ना हो। हालांकि वन विभाग की ⏭ शेष पेज 3 पर

### पूरी रात हाईवे पर भी जमे रहे अधिकारी

कटघोरा वनमंडल में विचरण करने वाले हाथियों के झुंड में से कई हाथी पहले गाहे बगाहे ही हाईवे को पार करते थे लेकिन अब हाथियों के झुंड ने तो हाईवे को ही अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। हर दूसरे दिन शाम को हाईवे पार करना हाथियों के लिए एक रूट बन गया है और लगातार हाईवे पर ही आसपास विचरण कर रहे हैं। बताया जाता है कि बीती रात को दो लोनार हाथी हाईवे पर ही डेरा डाले हुए थे। जिसके चलते कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत पूरी रात क्षेत्र में ही बने रहे ताकि हाथियों को किसी तरह के परेशानी ना हो और जनधन की हानि ना हो।

# बालको कर्मियों को मिलेगा 11वां वेतनमान, 1 अप्रैल से लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में स्थापित वेदांता समूह की कंपनी बालको में 1 अप्रैल से बालको कर्मियों का 11वां नया वेतनमान लागू हो गया है। नए वेतनमान पर समझौता कर प्रबंधन ने श्रमिक संगठनों से चर्चा कर सहमति ले ली है। इस बार बेसिक व डीए में 17 व वार्षिक इंक्रीमेंट में 4% बढ़ोत्तरी के फार्मूले पर 3 श्रमिक संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं। नए वेतनमान से न्यूनतम 15 और अधिकतम 21 हजार रूपए की प्रतिमाह बढ़ोत्तरी होगी। लगभग 900 कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा। वेज रिवीजन को लेकर श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने प्रबंधन के समक्ष प्रस्ताव रखा था। इसमें वेज रिवीजन में पिछली बार से ज्यादा बढ़ोत्तरी किए जाने की मांग की गई थी। प्रबंधन ने सभी यूनियन से प्रस्ताव लेने के बाद आश्वस्त किया था कि जल्द बैठक कर चर्चा की जाएगी और उसमें यथासंभव बढ़ोत्तरी की जाएगी। सोमवार को प्रबंधन ने श्रमिक संघ प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और सहमति लेने के बाद नए वेतनमान में समझौता कर हस्ताक्षर लिया। इस दौरान प्रबंधन से सीईओ राजेश कुमार, ग्रुप एचआर हेड दिलीप सिन्हा, बालको एचआर हेड प्रज्ञा पांडेय, एचआर सुधीर कुमार, राहुल सिंह व भूपेश श्रीसंत, इंटक कार्यवाहक अध्यक्ष संजय सिंह, जयप्रकाश, रमेश, विमलेश साव, एचएमएस, नाम्स व वाम्स यूनियन ने सहमति जताते हुए हस्ताक्षर कर दिया।

24 korba Bhoomi-pg2_Layout 1 4/24/2024 11:47 PM Page 1






# ‘द लीजेंड ऑफ हनुमान’ के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज ‘द लीजेंड ऑफ हनुमान’ के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने ‘द लीडेंज ऑफ हनुमान’ के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ‘द लीडेंज ऑफ हनुमान’ जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ‘द लीडेंज ऑफ हनुमान’ का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, ‘बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।’

लाइफStyle

# सारा अली

## ‘मेट्रो इन दिनों’ थिएटर में धमाल मचाने तैयार

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म ‘मेट्रो इन दिनों’ काफी चर्चा में हैं। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, “तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। ‘मेट्रो इन दिनो’ 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म ‘मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।



हॉलीवुड मसाला



## मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8

# इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज ‘मिशन इम्पॉसिबल 7’ और ‘मिशन इम्पॉसिबल 8’ की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। ‘वैराइटी’ की रिपोर्ट के मुताबिक ‘मिशनः इम्पॉसिबल 7’, जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले ‘मिशनः इम्पॉसिबल 8’, जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।






## डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म ‘मडगांव एक्सप्रेस’ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



## डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

## डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिमप्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।

फिल्मी मसाला

# रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नेवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।



### आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म ‘लज्जा’ से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। ‘लज्जा’ में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

### रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

### अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह ‘तुमसे अच्छा कौन है’ में नकुल कपूर, ‘आवारा पागल दीवाना’ में अक्षय कुमार, ‘राजा भईया’ में गोविंदा और ‘पार्टनर’ में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

# *ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...*

***मुंबई।** बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

*__अमिताभ बच्चन__ : शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म ‘डॉन’ में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह ‘विजय’ और ‘डॉन’ के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*



*__अक्षय कुमार__ : अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म ‘अफलातून’ और ‘खिलाफी 420’ में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। ‘अफलातून’ यूट्यूब पर तो ‘खिलाड़ी 420’ जी5 पर देखी जा सकती है।*

*__शाहरुख खान__ : शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। ‘डुप्लीकेट’ उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने ‘डॉन’ और ‘फैन’ में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



## ‘टाइम’ मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुई शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ‘टाइम’ मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने ‘अद्भुत टैलेंट’ में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

## साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते** :* अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।

**नायक** : साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा** : फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा** : साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज** : साल 2010 में आई ऑरेंज में राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

### टॉप हिट फिल्में....



**येवाडू** : अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2)** : फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीजों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर**: राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

### ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

### रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

## खबर संक्षेप



### 40 स्वर्ण 14 रजत एवं 8 कांस्य पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा कोरबा

**कोरबा।** कोरबा। द्वितीय राज्य स्तरीय कुडो प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा ज़िले के सिटी सेंटर मॉल में आयोजित किया गया। जिला संघ के सचिव प्रेमराज बंजारे ने इसकी जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 200 खिलाड़ियों में भाग लिया, सर्वाधिक मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर दुर्ग एवं तृतीय स्थान पर सरगुजा ज़िला रहा। राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगता हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित की जा रही है। इसमें राज्य कुडो प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विज़ेता राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोरबा से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बालक खिलाड़ी-रेयांश यादव, अद्विितीय यादव अनय अग्रवाल पी हविश कृष्णा, तनेश अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल, साई प्रकाश जेना, प्रणव निर्मलकर, वीर भद्र प्रकाश, आराध्या सोनी, अगस्त्य शर्मा, रोहन कुमार श्रीवास, अभिनव शर्मा, शालोम खाखा, यश प्रजापति, हर्ष यादव, आशुतोष पाठक, अनुज अग्रवाल, शौर्य तिवारी, स्वर्ण पदक बालिका वर्ग जसमीत कौर, अद्विती गुप्ता, आर्या सेठी, अलीशा, वी. सांभवी, अवनी शर्मा, आराध्या श्रीवास, शौर्य बरनवाल, हदय मंडल, गोल्डी अग्रवाल, स्पर्शिता दास, शिवांगी जायसवाल, मिया अलापट्ट, कुहू राहंगडाले, आयुषी पांडा ने पदक प्राप्त कर ज़िले का मान बढ़ाया है।

### सेजेस स्कूल लाफा में शत प्रतिशत मतदान की दिलाई गई शपथ



**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, पुरूष, महिलाओं द्वारा मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली, दीवारों पर नारा लेखन तथा स्कूलों छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत मुनगाडीह में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा पोस्टर बनाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश देते हुए गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत चैतमा के आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। महिलाओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी फ्लैक्स व पोस्टर लेकर जनजागरूकता रैली निकाली। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जोरहाडबरी, पुलालीकला में ग्रामीण महिलाओं ने दीवारों पर जन-जन की पुकार है, वोट देना हमारा अधिकार है, जागरूक देश की है पहचान, हो शत-प्रतिशत मतदान, लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सब की जिम्मेदारी आदि मतदाता जागरूकता संबंधी नारे का दीवारों पर लेखन करके मतदान के माध्यम से सशक्त लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया।

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने ली मतदान की शपथ

**कोरबा।** जनपद पंचायत कटघोरा के शुभ-सबेरा महिला संकुल संगठन बतारी में स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। महिलाओं के द्वारा लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु सामूहिक शपथ ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय एवं जिला मुख्य आयुक्त मो.सादिक शेख भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मार्गदर्शन में विगत दिवस रानी लक्ष्मीबाई ओपन रेंजर टीम की लीडर उत्तरा मानिकपुरी के रेंजर्स ने रंगोली एवं शॉर्ट वीडियो के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही सनराइस स्कूल कृष्णा नगर कोरबा की प्राचार्या श्रीमती पूर्णिमा भट्टाचार्य के नेतृत्व में स्काउट गाइड ने डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। स्काउट गाइड ने कृष्णा नगर के हर घर जा कर मतदान करने हेतु अपील की।

## एनटीपीसी में मना मैत्री महिला समिति का 43वां वार्षिकोत्सव

# नाटक, नृत्य, संगीत के साथ यादगार बनाया कार्यक्रम को



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा के महिला क्लब, मैत्री महिला समिति ने अपना 43वां वार्षिकोत्सव मनाया। जिसमे सरित माहेश्वरी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा, मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। महिला क्लब के सदस्यों ने 43वें वार्षिकोत्सव की शुरुआत गणेश वंदना से की, जिसके बाद छत्तीसगढ़ का स्वागत गीत गाया। मैत्री महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती राखी माहेश्वरी ने सभा को संबोधित किया और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। वार्षिकोत्सव में मैत्री महिला समिति की सदस्यों द्वारा रंग-बिरंगे परिधानों, नाटक, मधुर संगीत और नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। भारत के सात अलग-अलग राज्यों के नृत्य, संस्कृति आदि प्रस्तुत किए गए। जिसमें देश की विविधता को दर्शाया गया और देश के विभिन्न कोनों से आवाजें भी सुनी गईं। वार्षिक दिवस कार्यक्रम में क्लब सदस्यों के जीवनसाथियों को आमंत्रित किया गया था और उन्होंने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, तथा दर्शकों और प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और शाम का आनंद लिया। इस अवसर पर सरित माहेश्वरी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने अभिनंदन भाषण में एमएमएस क्लब और उसके सदस्यों को वार्षिक दिवस पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आने वाले दिनों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान महिला क्लब के सभी वरिष्ठ सदस्य और सदस्य, परिवार और एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। एमएमएस क्लब का वार्षिक दिवस समारोह एक शानदार सफलता थी और अतिथियों और शुभचिंतकों द्वारा इसकी बहुत सराहना की गई।

# एनटीपीसी ने स्कोप बिजनेस क्विज बोनांजा का जीता अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी ने सार्वजनिक क्षेत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में हाल ही में स्कोप कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित स्कोप बिजनेस क्विज बोनांजा (एसबीक्यूबी) में अपनी शानदार जीत हासिल की। एनटीपीसी टीम जिसमें केएम प्रशांत, जीएम (सीसी) और अंशुमन श्रीवास्तव, डीजीएम (सीपी) शामिल थे। अन्य प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों से कड़ी प्रतिस्पर्धा को पार करते हुए ग्रैंड फिनाले में विजेता बनकर उभरी। पुरस्कार अमरेंदु प्रकाश, सीएमडी (सेल), अतुल सोबती, महानिदेशक, स्कोप, उत्तम लाल, निदेशक (एचआर), एनएचपीसी और स्कोप के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वितरित किए गए। एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) डीके पटेल ने टीम के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। देश भर से विभिन्न महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रमों की 100 से अधिक टीमों ने क्विज़ में भाग लिया। प्रारंभिक स्क्रीनिंग राउंड और उसके बाद दो सेमीफाइनल राउंड के बाद, ग्रैंड फिनाले में चार टीमें थीं एनटीपीसी की एक टीम और सेल की तीन टीमें। चार राउंड की क्विज़िंग के बाद एनटीपीसी की टीम विजेता बनी। प्रश्नोत्तरी में प्रबंधन अवधारणाओं, वर्तमान व्यावसायिक घटनाओं, ब्रांडों, व्यावसायिक हस्तियों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के इतिहास और विरासत से संबंधित प्रश्न शामिल थे।

# ट्रेलर अनियंत्रित होकर जा घुसा जंगल में, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रिप ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिसमें में चालक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 1405 पंखा दफाई क्षेत्र में अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर जंगल में जा घुसी, चालक और परिचालक जान बचाने ट्रेलर से नीचे कूद पड़े। इधर ट्रेलर कई विशाल पेड़ों से टकराते एक स्थान पर जा रुकी। ट्रेलर से कूदे चालक परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे कटघोरा के शासकीय अस्पताल में उपचार हेतु ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। चालक बांकीमोंगरा स्थित गायत्री मंदिर बस्ती निवासी पवन मानिकपुरी उम्र लगभग 35 वर्ष है। वहीं परिचालक का इलाज अभी जारी है।

# गुम हुए युवक को सुरक्षित परिवार से मिलाया पुलिस ने



रायपुर से बरामद किया गया युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

**खास बात**

- दिमागी संतुलन खराब होने से 14 दिनों तक भटक रहा था रायपुर में

कटघोरा पुलिस ने एक मानवता की मिशाल पेश की। जहां कटघोरा पुलिस ने एक गुम हुए बेटे की पतासाजी कर उसे ढूंढ निकाला और उसके परिजनों से मिलवाया और सकुशल सुपुर्द किया। बेटे की गुम हो जाने के बाद घर मे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। ज्ञात हो कि कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कापुबहरा निवासी राहुल पटेल उम्र 20 वर्ष पिता सीताराम पटेल 3 अप्रैल को घर से काम करने घर के लिए निकला। राहुल कटघोरा में एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में काम करता था लेकिन राहुल के कथनानुसार जब घर से काम के लिए निकला उसी दौरान घर से कुछ दूरी पर जाने के बाद उसका दिमागी संतुलन खराब हो गया और वह कैसे बस में बैठा और कैसे रायपुर पहुंचा उसे ठीक से याद नहीं। राहुल पटेल के बताने के अनुसार उसे बस वालों ने बिलासपुर में उतार दिया और फिर वो कैसे रायपुर पहुंचा उसे ठीक से याद नहीं। राहुल पटेल के पिता ने दो तीन दिनों तक परिवार व रिश्तेदार तथा सगे सम्बन्धियों के पास खोजबीन करने के बाद कटघोरा थाना में आकर घटना के बारे में बताया। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर किया। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के निर्देश में उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रताप सिंह व प्रधान आरक्षक गोपाल यादव को इस मामले की जिम्मेदारी दी गई। गुम हुए राहुल पटेल के पास मोबाइल नहीं होने से सबसे बड़ी परेशानी सामने आई लेकिन पुलिस ने कड़ी मशक्कत से राहुल पटेल को खोज निकाला।

# सराई सिंगार हनुमान मंदिर में प्रसाद का किया गया वितरण



प्रसाद वितरण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

संकट मोचन भगवान हनुमान जी के जन्म उत्सव पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार एवं हनुमान भक्तों के द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराईसिंगार में जन्म उत्सव मनाया गया। इस वर्ष हनुमान जी का जन्मदिन मंगलवार को पढ़ने के कारण मंदिर में और अधिक भीड़ रही। समिति के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा व आरती करते हुये मंगलवार को पाठ करते हुये लगातार 349 वा सप्ताह पूरा किया गया। प्रातः सर्वप्रथम भगवान हनुमान जी को नया वस्त्र पहनाकर चोला चढ़ाया गया उसके उपरांत विधि विधान से हनुमान जी की विशेष पूजा की गई।

पूजा के बाद खीर, पूडी, बूंदी प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के दिन सुबह से ही मंदिर में पूजा का दौर सुबह से रात तक चलता रहा। रात को रामायण मंडली के द्वारा रामायण का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में पूजा करने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, समाजसेवी अजय दुबे, चुलेश्वर राठौर, श्रीमती चंद्रकांता राठौर, किशोर यादव, हीरालाल पांडे, मां दुर्गा उत्सव समिति समिति के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, पंकज ध्रुवा, बजरंग यादव, राजू गुप्ता, संजय राठौर, रमेश लल्लू राठोर, केशव यादव, लोकेश्वर कंवर, महावीर डिक्सेना, उमेश प्रजापति, अन्नू डिक्सेना, देवेश शर्मा, तरुण डिकसेना, नरेंद्र आहिर, राजाराम राठौर, सुर्या यादव, समीर जायसवाल, नरेश राठौर, नितेश जायसवाल, शत्रुहन यादव, व्यास राठौर, भुनेश्वर राठौर, रामकुमार श्रीवास, दुर्गा राठौर, बंटी राठौर, विकास कंवर, ओमप्रकाश यदु, रमाकांत गुरुद्वान, योगेश तिवारी, अजय राठौर, आकाश जायसवाल, राजू डिक्सेना, नितेश राठौर, नीरज, बिट्टु ध्रुवा, निखिल राठौर, जेपी तिवारी, राकेश पांडेय, विमल डिक्सेना, परमेश्वर निर्मलकर, प्रेम डिक्सेना, वैभव, नव्या, अनुराग धुर्वा, नवीन यादव, तोषण यादव के अलावा समिति के सदस्य, नागरिक सहित अन्य शामिल रहे।

## रजगामार में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**रजगामार।** ग्राम रजगामार में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें शोभा यात्रा हनुमान मंदिर ततरघर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः श्री हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ। शोभा यात्रा मुख्य आकर्षण बाहुबली हनुमान, राधा कृष्ण और शंकर पार्वती की झांकी, रथ, भव्य डीजे, लाइट, हनुमान जी की पालकी, जगह जगह कनफेटी मशीन से स्वागत, भगवा चौक में श्री हनुमान चालीसा, रामस्तुति के बाद आकर्षण आतिशबाजी किया गया। श्री हनुमान मंदिर में शोभा यात्रा के पश्चात महा आरती पंडित कमलकांत शर्मा द्वारा संपन्न हुआ। तत्पश्चात भोग भंडारा हनुमान मंदिर समिति द्वारा कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संचालित समिति बनाया गया था। इस अवसर पर संरक्षक विरेन्द्र अग्रवाल, जगदीश प्रसाद डडसेना, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, व्यथापक लक्ष्मी श्रीवास, संयोजक मनोज साव, सह संयोजक सौरभ अग्रवाल, अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, उपाध्यक्ष तरुण धुर्वे, उत्तम पटेल, महामंत्री दिनेश कुर्रे, अंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरूण शर्मा, नित्यानंद साहू, यात्रा प्रभारी निश्चय अग्रवाल, रोशन अग्रवाल सहित नगरवासी का योगदान रहा।

## दीपका में मनाई गई हनुमान जयंती



औद्योगिक नगरी कोयलांचल क्षेत्र दीपका में हनुमान जयंती पर्व को ही धूमधाम के साथ मनाया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर औद्योगिक नगरी कोयलांचल क्षेत्र दीपका में श्रद्धालुओं में अपार श्रद्धा देखने को मिली। जिसके निमित हनुमान मंदिर में प्रातः से सुन्दर कांड का पाठ रामायण हनुमान चालीसा भजन एवं संकीर्तन करते हुए सुबह से ही श्रद्धालु भाव भक्ति में डूबे रहे एवं भगवान वीर बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं आम नागरिकों का नगर को सजाने एवं मंदिर में भोग भंडारे मे विशेष योगदान देते हुए भंडारे का आयोजन कर भोग प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें दीपका नगर एवं पूरे क्षेत्र के कॉलोनीवासी मंदिर में पूजा अर्चना की। मंदिर के मुख्य पुजारी ने क्षेत्र वासियों के लिए सर्वे भवंतु सखिनाः सर्वे संतु निरामया के उद्देश्य से श्रद्धालुओं के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामना की।

# छातीबहार के पहाड़ी कोरवाओं को गर्मी में भी मिलता है पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा यहाँ की पहचान है। वनांचल में रहने वाले इन परिवारों को पेयजल के लिए जूझना न पड़े, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इनके निवास स्थान परिसर में हैंडपंप स्थापित किए गए हैं। कोरबा ब्लॉक के ग्राम छातीबहार में भी पहाड़ी कोरवाओं को पानी उपलब्धता के लिए दो हैंडपंप लगाए गए हैं, जहाँ इन्हें पानी की उपलब्धता निरंतर होती रहती है।

ग्राम छातीबहार में 7 घर ही है, जिसमे 14 पहाड़ी कोरवा परिवार निवास करते हैं। वनांचल में रहने वाले इन परिवारों के लिए पीएचई द्वारा 2 हैंडपंप लगाए गए हैं। पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री ए. के. बच्चन ने बताया कि ग्राम छातीबहार में पहले से दो हैंडपंप स्थापित है। यहाँ पानी की कोई समस्या नहीं है। गर्मी के दिनों में भी हैंडपंप से पानी निकलता है और आसपास के पहाड़ी कोरवा पेयजल एवं दैनिक आवश्यकताओं के लिए हैंडपंप का पानी उपयोग करते हैं। ग्राम छातीबहार से ही कुछ दूर नदी भी है, इस छोटी नदी में नहाने एवं कपड़ा इत्यादि धोने के लिए कुछ परिवार आते हैं। ग्राम छातीबहार में पानी की कोई समस्या नहीं है। जिले के कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा भी पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने जरूरी कदम उठाए जाएं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



कुसमुंडा क्षेत्र में भी हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद व गौ सेवा समिति द्वारा बड़े ही धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। विकास नगर सिद्धेश्वर मंदिर से विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए आदर्श नगर शेरावाली मंदिर तक आकर्षण झांकी निकाली गई। जिसमें 700 से ऊपर भक्तगणों ने रैली में हिस्सा लिया, जिसमें कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं वरिष्ठ नेता राकेश पांडे आगमन हुआ। झांकी में आसपास के लोगों ने एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। जगह-जगह ठंडा पानी शरबत भोग भंडारे का आयोजन भी किया गया था। आदर्श नगर इंदिरा स्टेडियम पहुंचकर एक से एक झांकी का प्रदर्शन किया उसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

# संविधान की रक्षा मूलनिवासियों का मौलिक कर्तव्यः आरपी खाण्डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डे ने मंगलवार को एसईसीएल कोरबा क्षेत्र एवं केंद्रीय कमर्शाला कोरबा क्षेत्र में कार्यरत अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों का कर्मचारी सन्गठन सिस्टा एवं कौंसिल एसोसिएशन द्वारा अम्बेडकर भवन एसईसीएल में आयोजित भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती समारोह में समारोह की अध्यक्षता कर रहे सिस्टा के रास्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डे ने कही। उन्होंने कहा कि आज आम जन में संविधान को लेकर बहस छिड़ी हुई है कुछ लोग सविधान बचाने की बात करते हैं और कुछ लोग संविधान को ही बदल डालने की बात करते हैं इस पर उन्होंने कहा कि भारत में जाति,धर्म, लिंग, बोली भाषा, प्रांत और अमीरी गरीबी की व्यापक असमानताएं हैं फिर भी भारत एक संघ है और समप्रभु राष्ट्र है, जंहा प्रत्येक नागरिक को समता, समानता, बन्धुत्व, न्याय और मानवता वादी अधिकार प्राप्त हैं। समारोह के मुख्य अतिथि आरके गुप्ता, महाप्रबन्धक संचालन एसईसीएल कोरबा क्षेत्र ने कहा कि महापुरषों के विचारों को पढना आसान है उनके विचारों पर चलना मुश्किल है डा.अम्बेडकर जानते थे कि आने वाला समय और भी कठिन होने वाला है। इसलिए उन्होंने कहा था कि शिक्षित बनों, संगठित रहो।



### फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम उपरांत वापस लौट रहे फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट ट्रैक्टर के चालक ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी, हालांकि दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। गौरतलब है कि बुधवार 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय प्रवास पर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर आए थे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सूरजपुर जिले से फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 1217 वापस लौटते समय नगर में एनएच 43 पर मुख्य मार्ग किनारे खड़ी थी। तभी बायो टॉयलेट लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को पिछले हिस्से में नुकसान हुआ है। दुर्घटना की वजह से यहां पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित होने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी।

पृष्ठ 1 का शेष

### कोरबा-कटघोरा ...

टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अलर्ट जारी किया है। इसी तरह कोरबा वनमंडल में भी 39 हाथी कुदमुरा रेंज के इर्द-गिर्द मंडरा रहे हैं। हालांकि अब तक हाथियों ने इस क्षेत्र में कोई जनधन की हानि नहीं पहुंचाई है लेकिन 39 हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से वन विभाग की मुश्किलें जरूर बढ़ गई हैं।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202404050100048/3-5/2023-24
ग्राम- खरमोरा प०ह०नं० 20

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रेमलता सिंह राजपूत पति सतानंद सिंह जाति-राजपूत निवासी द्वारा विनोद राठौर एल०आई०जी०-150 शिवाजी नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ०ग०) की आधिपत्य की भूमि ग्राम-खरमोरा प०ह०नं० 20 रा०नि०मं० दादरखुर्द स्थित भूमि ख०नं० 138/104 रकबा 0.018 हे० में से 0.04 1/2 एकड़ भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। नवीन बंदोबस्त के दौरान उक्त खसरे की भूमि का नया खसरा नंबर आवेदिका के नाम पर दर्ज नहीं होने के कारण आवेदिका अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 15/5/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
जिला-कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202404506000007/ब-121/2023-24
ग्राम- खरमोरा प०ह०नं० 20

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शुकवारा बाई कंवर पति स्व० घनसिंह निवासी खरमोरा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम खरमोरा प०ह०नं० 20 रा०नि०मं० दादरखुर्द स्थित स्वामित्व हक की भूमि ख०नं० 242, 960, 1057, 1063 रकबा क्रमशः 0.081, 0.390, 0.030, 0.060 हे० भूमि आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसकी मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत मय दस्तावेज बी-1, खसरा, चालान, प्राथमिकी सूचना एवं बैंक अनापत्ति, शपथपत्र के साथ आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 06/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
जिला-कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप




### पक्षियों के जीवन बचाने की गई दाना-पानी की व्यवस्था

**चैतमा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल डॉ.अशोक श्रोती, युवा अधिकारी राजकुमार वर्मा, राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ.नीता बाजपेयी, डॉ.मनोज सिन्हा जिला संगठक प्रो.वायके तिवारी, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश में कार्यक्रम अधिकारी वीरेन्द्र कुमार बंजारे व्याख्याता जीव विज्ञान के मार्गदर्शन में स्वंय सेवक चांदनी कंवर, सुप्रिया कंवर ने स्कूल प्रांगण में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की गई। इस दौरान अल्का, थानेश्वर, विनय, पीयूष, यवन्तिका, रितिक ने अपने घरों में चिड़ियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की। चिड़ियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था के लिए व्याख्याता सुरेंद्र सिंह नेटी, विजेता चतुर्वेदी, विंध्यराज, धनराज, प्रज्ञा दास, भगीरथी श्रीवास, नबीउल्ला सिद्दिकी, शिक्षक चंद्रमुखी साहू, आशीष उपाध्याय, मुरारी लाल धीवर, कीर्तन बघेल ने सराहना की। प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों का जीवन बचाने के लिए दाना-पानी की जरूरत होती है। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता हैं। जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके।

### बरपाली में महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



**ढेलवाडीह।** बरपाली मंडल के बरपाली शक्ति केंद्र मे भाजपा 150 महिलाओ नें भारतीय जनता पार्टी की रीती नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यत्ता ली। इस अवसर पर बरपाली मंडल के पूर्व अध्यक्ष किशन अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गोपाल मोदी, शक्तिकेंद्र प्रभारी मयूर पारीक, धनेश्वरी कंवर] बूथ अध्यक्ष विकास निर्मलकर, राजू निर्मलकर, मनहरण प्रजापति, राजू यादव, रमेश प्रजापति, संतोष साहू, श्रीमती गंगा बाई निर्मलकर, गोविन्द कंवर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीन नंबर एमटीके कैंटिन के पास लगा वाटर कूलर खराब

**कोरबा।** कोयला मजदूर सभा ने कुसमुंडा परियोजना के तीन नंबर एमटीके कैंटिन के पास वाटर कूलर सुधार कराने की मांग को लेकर परियोजना अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि कुसमुण्डा परियोजना के 03 नबर एमटीके कैन्टीन के पास लगे वाटर कूलर के खराब हो हो गई है। इस कारण कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वाटर कूलर तीन दिन पूर्व से खराब हो चुका है। इस कारण कर्मचारियों को शीतल पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही बरकुटा एमटीके में बना कैंटिन जो लगभग एक माह पूर्व से बंद पड़ा हुआ है। इससे बरकुटा एमटीके में कार्यरत कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### नशे में धुत युवक ने होटल की दीवार तोड़कर घुसाई स्कॉर्पियो

**अम्बिकापुर।** बुधवार को शहर में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन के चालक ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में धुत्त युवक ने तेज रफ्तार वाहन को अशोका बिरयानी होटल में घुसा दी। युवक पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। गनीमत रही कि घटना के दौरान होटल खाली था अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। इस घटना में होटल के अंदर मौजूद बाईक व साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीतापुर क्षेत्र से युवक स्कार्पियो वाहन से अंबिकापुर आया हुआ था। पीएम कार्यक्रम समाप्त होने के बाद युवक काफी तेज गति से वाहन चलाते हुए नवापारा रोड से उर्सू लाइन स्कूल होते हुए आकाशवाणी चौक की ओर जा रहा था। इस दौरान युवक ने पुराने रोजगार कार्यालय में संचालित अशोका बिरयानी होटल में अपनी गाड़ी घुसा दी। दुर्घटना में तेज रफ्तार वाहन दीवाल तोड़ते हुए अंदर घुस गई। पीएम कार्यक्रम के कारण सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र की दुकानें बंद कराई गई थी व भीड़ भाड़ कम थी ऐसे में गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई मलबे में नहीं दबा अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। दुर्घटना से होटल संचालक को नुकसान हुआ जबकि एक बाइक समेत एक दर्ज साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## प्रेक्षक और कलेक्टर ने महिलाओं का किया उत्साहवर्धन

# महिलाएं किसी से कम नहीं, निर्वाचन में भागीदारी गर्व की बात: प्रेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत महिला मतदान दलों को स्वामी आत्मानन्द विद्यालय विद्युत गृह उच्चतर विद्यालय क्रमांक 1 में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बुधवार को प्रशिक्षण स्थल पर अलग-अलग कक्ष में कोरबा लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा

**खास बात**

- कोरबा विधानसभा में महिलाओं द्वारा संपन्न कराई जाएगी मतदान की प्रक्रिया



निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक व अन्य अधिकारी।

और कलेक्टर अजीत वसंत पहुँचे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत दायित्व को गंभीरता से करने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारियों को भलीभांति समझने और समझ नहीं आने पर बार-बार सवाल कर शंका का समाधान करने कहा।

प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा ने कहा कि ईवीएम का बेहतर संचालन के लिए हेंड्सऑन आवश्यक है। उन्होंने कोरबा लोकसभा अंतर्गत विधानसभा कोरबा में मतदान की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथों सम्पन्न कराए जाने की इस पहल की सराहना करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से कहा कि निर्वाचन कार्य में आपकी भागीदारी गर्व का विषय है। आप अपने आपको कम न आंके, आज महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। निर्वाचन कार्य में आपकी भूमिका महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी और अन्य महिलाओं को मतदान के लिए भी प्रेरित करेगी। कलेक्टर श्री वसंत ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना जितना महत्वपूर्ण है,उतना ही महत्वपूर्ण मतदान के कार्यों को बिना किसी गलती के संपन्न कराना भी है। कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल के अधिकारी एक, दो और तीन को आपस मे समन्वय बनाकर निर्वाचन के कार्य को गाइडलाइंस के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से सम्पादित करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक श्री मीणा ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन कोरबा जिले में सम्पन्न कराने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, एसडीएम श्री श्रीकांत वर्मा आदि उपस्थित थे। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन की प्रक्रिया में इस बार कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 249 मतदान केंद्रों में पहली बार पीठासीन अधिकारी से लेकर अन्य मतदान कर्मचारियों के रूप में महिलाएं होंगी। महिलाओं द्वारा निर्वाचन कार्य सफलता पूर्वक संपादित किया जा सके और लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके, इस दिशा में पहल करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा उन्हें बारिकी से निर्वाचन कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ड्रिप लगवाने से आनाकानी, मरीज को वार्ड ब्वाय ने जड़ा तमाचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हंगामा के दौरान परिजन।

जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब उपचार के लिए भर्ती मरीज के द्वारा ड्रिप लगाने के दौरान आनाकानी की जाने लगी। मरीज के द्वारा लगातार विरोध किए जाने से आक्रोशित वार्ड ब्वाय ने मरीज को तमाचा जड़ दिया। वार्ड ब्वाय की इस करतूत को सुरक्षा कर्मी व मरीज की पत्नी देख रही थी। घटना

**खास बातें**

- मरीज के परिजनों ने मारपीट का लगाया आरोप, न्याय की लगाई गुहार

के बाद मरीज के परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए उसे अन्यत्र रेफर करा लिया।

जिला जांजगीर चांपा के ग्राम पंतोरा निवासी उषा चौहान कामथेन कंपनी में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत है। उसकी तैनाती रात्रि पाली में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू वार्ड के बाहर थी, जहां उसके पति घनश्याम चौहान को बीमार होने पर मंगलवार की रात दाखिल किया गया था। सुरक्षा कर्मी उषा का कहना है कि रात में इलाज के बाद उसके पति की सेहत में सुधार आ गया था।

बुधवार की तड़के करीब 4:30 बजे एक वार्ड ब्वॉय ड्रीप लगाने पहुंचा। उसके कहने पर उषा अपने पति का हाथ पकड़ी हुई थी।

**जांच तक हटाया गया वार्ड ब्वाय**

मामला संज्ञान में आते ही मेडिकल कालेज के अधीक्षक डॉ. गोपाल सिंह कंवर का कहना है कि मरीज अलकोहलीक था। जिसे कई लोग पकड़ कर ड्रीप लगा रहे थे। उसकी पत्नी ने वार्ड ब्वॉय पर आरोप लगाया है। यदि मारपीट की गई तो गलत है। टीम गठित कर दी गई है। टीम को विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। बहरहाल वार्ड ब्वॉय जांच पूरी होते तक हटा दिया गया है।

## बगैर हेलमेट पर्यावरण संरक्षण मंडल की अध्यक्ष ने किया खदान का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती आर संगीता द्वारा सुरक्षा नियमों यानि कोल माइंस रेगुलेशन की अवहेलना का मामला सामने आया है। निरीक्षण के दौरान सभी आला अधिकारियों ने नियमानुसार हेलमेट पहना था पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की अध्यक्ष ने हेलमेट धारण नहीं किया।

**खास बात**

- कोल माइंस रेगुलेशन की अवहेलना का मामला

खदान निरीक्षण के दौरान पर्यावरण अधिकारी द्वारा कोल माइंस रेगुलेशन की अवहेलना का मामला तुल पकड़ने लगा है। कुछ दिनों पूर्व ही छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती आर संगीता एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा खदान के दौरे पर पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने विस्तार परियोजना का जायजा लिया। आर संगीता के खदान दौरे के वक्त एसईसीएल के निदेशक तकनीकी फ्रैंकलिन जयकुमार, महाप्रबंधक (योजना एवं परियोजना) राजशेखर, कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक राजीव सिंह, स्टाफ ऑफिसर प्रकाश राय एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। एसईसीएल के अधिकारियों ने हेलमेट धारण किया हुआ था लेकिन छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल अध्यक्ष बगैर हेलमेट खदान का जायजा लेती रही। कोल माइन रेग्यूलेशन-2017 में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उल्लेख है। इसके तहत खदान में कार्य अथवा भ्रमण के दौरान हेलमेट और सेफ्टी बूट धारण करना अनिवार्य है। ओपनकास्ट और अंडरग्राउंड माइंस, दोनों के लिए नियम बने हुए हैं। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण धारण करवाने की जवाबदारी खान प्रबंधक और सुरक्षा अधिकारी की होती है। सवाल यह उठता है कि खदान भ्रमण कराने के दौरान एसईसीएल प्रबंधन ने नियम के तहत छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की अध्यक्ष को हेलमेट धारण क्यों नहीं करवाया। इसके पहले भी बगैर सुरक्षा उपकरण खदान भ्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। इस मामले में खान प्रबंधक और सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की बात कही जा रही है।

## जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं की जाएं सुनिश्चित: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों की स्थिति,

**खास बात**

- कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के तैयारियों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

मतदान दलों के प्रशिक्षण, रूट चार्ट, पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों हेतु पोस्टल बैलेट जारी करने, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए 7 मई मतदान दिवस के दिन अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए बिजली, पानी, पंखा, शेड व छांव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने को कहा है। साथ ही नगरीय क्षेत्र में मतदान केंद्रों में मतदाताओं के बैठक हेतु अतिरिक्त कक्षों की भी व्यवस्था करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के सुरक्षित आवागमन, रुकने और यात्रा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ईवीएम मशीनों के परिवहन हेतु जीपीएस ट्रैकिंग युक्त वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी- कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्य के संबंध में जानकारी लेते हुए इस कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता एवं बारिकी के साथ प्रशिक्षण प्रदान कराने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान अनिवार्य रूप से ईव्हीएम के कार्य प्रणाली का पूर्ण तकनिकी ज्ञान प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति मतदान से वंचित ना रहने पाए , इस बात का विशेष ख्याल रखें। इस हेतु उन्होंने समय पर मतदान दल एवं बीएलओ को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पुलिस व सुरक्षा कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सेक्टर ऑफिसर्स का भी मतदान सुनिश्चित कराने की बात कही। उन्होंने पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी से प्राप्त आवेदनों के मतदान हेतु सुविधा केन्द्रों की व्यवस्था तथा मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों में फोर्स की तैनाती के संबंध में भी जानकारी ली। अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं का होम वोटिंग कराने के लिए गठित दल को भी पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने एवं मतदाता को मतदान दिवस के संबंध में पूर्व सूचित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु की गई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आईटी कॉलेज झगरहा व कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय में निर्मित स्ट्रांग रूम में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। स्ट्रांग रूम में ईवीएम वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग कार्य के दौरान संलग्न अधिकारी कर्मचारियों की सुविधा हेतु पेयजल, भोजन, कूलर जैसी अन्य सुविधाओ की व्यवस्था, इसी प्रकार चुनाव सामग्री वितरण एवं जमा कार्य हेतु पंडाल निर्माण, कूलर, निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु लाइट व जनरेटर व्यवस्था, वाहन चालकों हेतु टेंट व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया।



बैठक में निर्देश देते कलेक्टर।

**सभी केन्द्रों में होगी व्हील चेयर की व्यवस्था**

कलेक्टर श्री वसंत ने दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर रखने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं और बुजुर्गों को जानकारी और सहायता के लिए स्काउड गाईड, एनएसएस सहित अन्य विभागों से नियुक्त वालिंटियर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही।

**नियमित स्वीप गतिविधियां करने के दिए गए निर्देश**

कलेक्टर ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नियमित रूप से स्वीप गतिविधियां करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसडीएम को प्रतिदिन स्वीप एक्टिविटी में शामिल होने एवं आमजनों को शपथ ग्रहण कराकर मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। जिला मुख्यालय में आगामी दिनों में बाइक, सायकिल रैली, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजनों के माध्यम से स्वीप का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## गौ तस्करों के खिलाफ हुई कार्यवाई



कार्यवाही के दौरान पुलिस व अन्य लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम छुरी अन्तर्गत बिन्झपुर में मंगलवार को 105 नग गौवंशों को नदी किनारे होते हुए पत्थल गांव जाने से रोका गया। गौ सेवक विनोद देवांगन छुरी निवासी ने दोपहर 1 बजे उन्हें दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ गौ तस्कर जंगल के रास्ते से नदी किनारे चलते हुए गौवंशों को पत्थल गांव ले जा रहे हैं। तत्काल ही 112 डायल कर उन गौसेवकों ने पुलिस को सूचना दिये। तदुपरांत हमनें पूर्व विधायक ननकीराम कंवर को दूरभाष पर जानकारी दी। उनके द्वारा अविलंब ही थाना प्रभारी कटघोरा धर्मनारायण तिवारी को उक्त स्थल पर पहुंचकर कार्यवाही करने को निर्देश दिये। इसके पूर्व हाल ही में करतला विकासखंड में 46 गौवंशों को तस्करों से छुड़ाने में ननकीराम के द्वारा पुलिस प्रशासन को तत्काल कार्यवाही हेतु प्रेरित किया, फिर 46 गौवंशों को स्वयं के गौशाले में शरण दिये। आज भी उनके द्वारा गौवंशों के संरक्षण हेतु कुछ आदमी उक्त घटना स्थल पर भेजे गये हैं। इस दौरान नरेंद्र ठाकुर बजरंग दल, सुनील देवांगन संघ, गौ सेवा समिति छुरी का सहयोग रहा।

## मलेरिया से बचाव और उपाय की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की इस साल की थीम अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना है। इस अवसर पर मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने पर जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नेशनल फ्रेमवर्क फार मलेरिया इराडिकेशन के तहत 2030 तक मलेरिया उन्मूलन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। ठंड के साथ कपकपी आना, तेज बुखार, पसीना आना, सिर दर्द, बदन दर्द, उल्टी, दस्त, खांसी और झटके मलेरिया के लक्षण है। लक्षण दिखने पर तुरन्त मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता से रक्तपट्टी आरडी कीट से मलेरिया की जांच कराएं। मलेरिया की जांच एवं दवाईयां सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है उनसे संपर्क कर सकतें हैं। मलेरिया से रोकथाम के लिए घर के आस-पास कहीं भी पानी जमा न होने दे। छत पर रखी पानी की टंकीयों को साफ तथा डंक कर रखें। कूलर तथा पानी के बडे बर्तनो को सप्ताह मे एक बार सुखाने के बाद ही उपयोग में लावें।

## 22 लीटर महुआ शराब व 14 सौ किलो महुआ लाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग के टीम द्वारा लगातार अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जहां आबकारी विभाग की टीम ने एक गांव में छापामार की कार्रवाई की। जहां मौकास्थल से 22 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले 1400 किलो महुआ लोहान जप्त करने में सफलता हासिल की है। लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में 24 अप्रैल को आशीष उप्पल आबकारी उपनिरीक्षक आबकारी वृत्त कटघोरा द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम गुडरुमुड़ा थाना कटघोरा निवासी कवली बाई यादव और शालिनी यादव के मकान की ग्रामवासियों के समक्ष तलाशी लेने पर कुल 22 लीटर महुआ शराब एवं 1400 महुआ लाहन बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क,च)34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कराया गया। उपरोक्त कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, राजीव जायसवाल आबकारी आरक्षक दशराम सिदार, सुरेश यादव एवं महिला नगर सैनिक अंबिका सांडे, दीपिका सिंह का सराहनीय योगदान रहा।






